विधानसभा अतारांकित प्रश्न क्रमांक 2934 के प्रश्नांश 'क' का परिशिष्ट – 1

सैलाना विधानसभा क्षेत्र में कुपोषण को दूर करने हेतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा किये गये प्रयास, विगत तीन वर्षों में किये गये व्यय एवं लाभांन्वित हितग्राहियों की जानकारी

कुपोषण को दूर करने हेतु विभाग द्वारा सैलाना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, बाजना एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सरवन में पोषण पुनर्वास केन्द्र संचालित किये जा रहे है। संचालित पोषण पुनर्वास केन्द्रों में चिन्हित गंभीर कुपोषित बच्चों को भर्ती कर आई.ए.पी./डब्ल्यू.एच.ओ. मानकों पर उपचार किया जाता है।

विगत 3 वर्षों में व्यय एवं लाभांवित हितग्राहियों की जानकारी निम्नानुसार है –

वर्ष	व्यय राशि	लाभांवित हितग्राही
2014-15	1011576	350
2015-16	945015	387
2016-17	909418	361

Deputy Director
Health Services
Madhya Pradesh

विधानसभा अतारांकित प्रश्न क्रमांक 2934 के प्रश्नांश 'क' का परिशिष्ट – 2

सैलाना विधानसभा क्षेत्र में कुपोषण को दूर करने हेतु महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा किये गये प्रयास, विगत तीन वर्षों में किये गये व्यय एवं लाभांन्वित हितग्राहियों की जानकारी

सैलाना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत चिन्हांकित गंभीर कुपोषित बच्चों को उपचार हेतु पोषण पुनर्वास केन्द्र में भर्ती कराया गया। मध्यम कुपोषित बच्चों को आंगनवाड़ी केन्द्र के माध्यम से पूरक पोषण आहार स्वास्थ्य शिक्षा एवं सुपोषण अभियान अंतर्गत चिन्हित ग्राम स्तर पर सामुदायिक पोषण प्रबंधन के माध्यम से बच्चों की माताओं को पोषण एवं स्वास्थ्य शिक्षा एवं 12 दिवस तक भोजन उपलब्ध कराया गया। अतिकम वजन के बच्चों के अभिभावकों को एकदिवसीय प्रशिक्षण एवं पौष्टिक भोजन प्रतित्रैमास में एक बार क्लस्टर स्तर पर प्रदान किया गया। अतिकम वजन के बच्चों को दो समय का भोजन आंगनवाड़ी केन्द्र तथा तीसरा भोजन टिफिन के माध्यम से घर पर उपलब्ध कराया जाता है। उक्त वर्षो में 1,191 कुपोषित बच्चों को एनआरसी में भर्ती कर लाभान्वित किया गया। स्नेह सरोकार अंतर्गत 1,311 अतिकम वजन वाले बच्चों को जनसहयोग एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा पोषण स्तर सुधार की जिम्मेदारी हेतु गोद लिया गया। विगत 3 वर्ष में किये गए व्यय एवं लाभान्वित अतिकम वजन वाले बच्चों की जानकारी निम्नानुसार है –

वर्ष	व्यय राशि	लाभांवित हितग्राही
2013-14	619000	1443
2014-15	615693	1067
2015-16	54350	63